राज्य स्तरीय बैकर्स समिति, झारखण्ड
संयोजक: बैंक ऑफ इंडिया
दिनांक : 20.08.2019
स्थान –होटल रेडिसन ब्लू ,रांची

## राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, झारखण्ड के 68 वीं त्रैमासिक बैठक का कार्यवृत
## Minutes of the 68th Quarterly Meeting of SLBC, JHARKHAND

राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, झारखण्ड की 68वीं त्रैमासिक बैठक का आयोजन दिनांक 20.08.2019 को होटल रेडिसन ब्लू , रांची में किया गया|

बैठक के आरम्भ होने के पूर्व, एस.एल.बी.सी के वरीय प्रबंधक श्री अतुल भूषण ने बैठक में उपस्थित सदस्यों को जानकारी देते हुए कहा कि **झारखण्ड** राज्यादेश **के अवलोकन** में इस बार की त्रैमासिक **बैठक** से पुष्पगुछ द्वारा अतिथियों का स्वागत तथा वोट ऑफ थैंक्स देने की प्रथा को विरमित किया जा रहा है।

त्रैमासिक बैठक के शुरुआत मे श्री अतुल भूषण द्वारा महाप्रबंधक SLBC, झारखण्ड श्री चन्द्र शेखर सहाय को सभा को स्वागत संबोधन के लिए आमंत्रित किया गया |

श्री सहाय ने सभी बैंको के नियंत्रकों, अग्रणी ज़िला प्रबन्धको एवं समस्त स्टेक होल्डरों द्वारा पहली तिमाही मे किए गए कार्य की सराहना की। एमएसएमई सपोर्ट एवं आउटरिच कैम्पेन के द्वितीय चरण मे सभी बैंकों द्वारा कुल 70% लक्ष्य की प्राप्ति कर ली गयी है हालांकि बचे हुए लक्ष्य की प्राप्ति हेतु सभी बैंकों द्वारा प्रयास किया जा रहा है। केसीसी Saturation कैम्पेन मे करीब 80,000 किसानो को लाभ दिया जा चुका है इसके साथ रुपे कार्ड भी निर्गत किया जा चुका है, हालाँकि श्री सहाय ने सभी बैंको तथा राज्य सरकार से आग्रह किया कि ग्राम पंचायत स्तर पर विशेष कैंप लगा कर लक्ष्य की प्राप्ति करने का प्रयास करे। PFRDA के द्वारा देश भर मे संचालित **APY Citizens Choice campaign** के अवलोकन मे श्री सहाय द्वारा सभा को बताया कि यह कैम्पेन **01 अगस्त 2019 से शुरु हो कर 31 अगस्त 2019** को समाप्त होगा जिसमे सभी बैंको को **12 APY / Branch** करने का लक्ष्य दिया गया है।इस अभियान मे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले एलडीएम को PFRDA द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

SLBC महप्रबंधक ने आरबीआई द्वारा कृषि ऋण मे collateral संबन्धित नए निर्देशों को अनुपालन करने की अवश्यकता पर विशेष बल दिया। 2000-5000 आबादी वाले सभी गाँवों का बैंकिंग कवरेज एक महत्वपूर्ण एजेंडा है इसे उच्च महत्व देने की अवश्यकता पर भी सभा को बताया। कुल **2394** लोकेशन के विरुद्ध मे **35** बचे हुए लोकेशन को बीसी द्वारा जल्द कवर करने का आग्रह किया। श्री सहाय ने सभा को यह बताया कि पूरे राज्य मे 5000 से ऊपर एवं 2000 से नीचे आबादी वाले गाँव मे बैंकिंग कवरेज का लक्ष्य पूरा कर लिया है।

राज्य मे बढ़ते एनपीए के बारे मे श्री सहाय ने चिंता प्रकट की साथ ही साथ विभिन्न ज़िलो मे लंबित कुल **135703** सर्टिफिकेट केस का भी जिक्र किया।एनपीए के मामले मे सरकार द्वारा विशेष सहयोग की अपेक्षा जाहिर की गयी।

राज्य मे DLRC की बैठक समय सीमा के अंतर्गत सुनिश्चित करने की अवश्यकता पर जोर दिया । राज्य सरकार से यह आग्रह किया गया कि सभी DC को DLRC की बैठक से संबन्धित दिशानिर्देश जारी किया जाए।

उन्होने सदन को बताया कि DFS द्वारा राज्य मे **794** UNCOVERED villages को कवर करने के संदर्भ मे सभी बैंको के नियंत्रकों को पत्र लिखा जा चुका है। SLBC के द्वारा **664** Village के COVERAGE की जानकारी को **FI PLAN PORTAL** पर **update** किया जा चुका है एवं बाकी के बचे हुए **130** villages मे **30** अगस्त से पहले बीसी आउटलेट की स्थापना कर बैंकिंग सुविधाए मुहैया करानी है।

श्री सहाय ने **Uniform Banking Hours-EASE 2.0** योजना के अंतर्गत राज्य के सभी LDMS से PSBs शाखाओ की कार्यावधि को 09:00am से 03.00pm,10.00am से 04.00pm और 11:00am से 05.00pm मे वर्गीकरण का कार्य 01 सितंबर2019 तक DLCC मे पारित कराकर SLBC को प्रेषित करने का आग्रह किया।

इस संबोधन के पश्चात NABARD के मुख्य महाप्रबंधक श्री ए. के. पाढ़ी को सभा को संबोधित करने के लिए आमंत्रित किया गया | अपने संबोधन में उन्होंने सभी LDMs को PLP के लक्ष्य की प्राप्ति करने हेतु डीडीएम के साथ समन्वय बैठाने का आग्रह किया। 66वी. SLBC बैठक के AGENDA मे नियमित DLCC / BLBC की बैठक सभी ज़िलो मे नियमित कराने के आलोक मे श्री पाढ़ी ने सभा को बताया कि पहले तिमाही मे डीएलसीसी/बीएलबीसी की बैठक हजारीबाग एवं पलामू को छोड़ कर सभी ज़िलो मे आयोजित की जा चुकी है। शेष बचे स्थानो मे जल्द से जल्द बैठक करने का आग्रह किया गया। Area Development Scheme की चर्चा करते हुए श्री ए. के. पाढ़ी ने बड़े पैमाने पर इसे बढ़ावा देने का आग्रह किया । ADS के अंतर्गत पूरे राज्य के लिए **300** करोड़ रुपये के लक्ष्य को बढ़ाकर **1000** करोड़ करने से वृहत पैमाने पर राज्य का विकास होने का अनुमान जाहिर किया। Agriculture credit के निर्धारित लक्ष्य के विपरीत पहली तिमाही के अचीवमेंट के लिए श्री पाढ़ी ने सभी बैंको को प्रदर्शन मे सुधार लाने की बात कही।कृषि मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा केसीसी saturation के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए श्री पाढ़ी ने राज्य सरकार को uncovered farmers की विस्तृत जानकारी सभी बैंको को उपलब्ध कराने का आग्रह किया । सीडी RATIO की चर्चा करते हुए श्री ए. के. पाढ़ी ने इसकी तय मानक से कम होने पर चिंता ज़ाहिर की साथ ही साथ 16 ज़िलों मे 40% से कम सीडी Ratio होने पर भी चिन्ता जतायी। DLCC मे CD ratio को बढ़ाने हेतु LDMS को नाबार्ड के DDM के साथ विस्तृत चर्चा करने को कहा।

श्री ए. के. पाढ़ी ने NON-LOANEE फार्मर्स की विवरणी उपलब्ध कराने का आग्रह संबन्धित विभाग से आग्रह किया। SCALE OF FINANCE के संदर्भ मे विभिन्न ज़िलों मे wide variation को दूर करने तथा राज्य मे इसके समरूपता बनाए जाने के बारे मे **DLTC/ SLTC** मे विचार करने की आवश्यकता जतायी। **Animal Husbandry / Fisheries activity** के लिए working कैपिटल की जरूरत को सभी ज़िलों के scale ऑफ finance मे सम्मिलित करने के लिए DLTC /SLTC को विचार करने हेतु सुझाव दिया।भारत सरकार द्वारा प्रायोजित Unemployed **Agri Graduate** को **Agri Clinic / Agri Business** स्थापना करने के लिए सब्सिडी(44%-एसटी/एससी तथा 36 %-जनरल) प्रदान की जाती है परंतु पूरे राज्य मे किसी भी बैंक द्वारा किसी भी case की जानकारी प्रदान नहीं की गयी है। DEDS स्कीम के व्यापक प्रसार हेतु सभी बैंको को ध्यान देने की आवश्यकता पर भी बल दिया गया।एसएचजी की महत्ता को बताते हुए एनआरएलएम/SRLM को और ज्यादा बढ़ावा देने की आवश्यकता बतायी। सदन को SHG Digitization के बारे मे भी अवगत कराया गया। FIF फ़ंड का जिक्र करते हुए सभी बैंको को बताया कि



State Level Bankers' Committee ★ Jharkhand ★

झारखंड के लिए नाबार्ड के पास समुचित फ़ंड उपलब्ध है,सभी बैंको के नियंत्रकों से इस फ़ंड को utilize करने का आग्रह किया गया। उन्होने बताया कि Financial literacy के लिए स्पेशल focused district मे 6000 तथा अन्य ज़िलों मे 5000 प्रति कैंप की दर से राशि उपलब्ध करायी जा रही है।

इस संबोधन के पश्चात श्री संजीव दयाल , भारतीय रिजर्व बैंक के महाप्रबंधक को संबोधित करने के लिए आमंत्रित किया गया | अपने संबोधन में उन्होंने बैंकों के महत्वपूर्ण संकेत के ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए कहा कि JUNE'19 तिमाही मे 28.27% ACP अचीवमेंट एक अच्छा संकेत है साथ ही साथ इसके SUB SECTOR मे पिछले साल की तुलना मे NON PRIORITY sector को छोड़कर अच्छी वृद्धि दर्ज की गयी है। श्री दयाल ने सीडी रैशियो मे गिरावट पर चिंता जतायी साथ ही साथ advances एवं Credit utilization and RIDF मे कमी पर भी सदन का ध्यान आकृष्ट किया।

प्रथम तिमाही मे क्रेडिट ग्रोथ मे गिरावट दर्ज की गयी परंतु NPA की तुलनात्मक वृद्धि एक चिन्ता का विषय है इस संबंध मे श्री दयाल ने सदन को 678 करोड़ मूल्य की संपत्तियो पर PHYSICAL POSSESSION लेने के लिए ज़िले के DC के हस्तक्षेप की आवश्यकता बतायी।

बंधन बैंक एवं INDUSIND BANK के द्वारा एसएलबीसी को प्रेषित रिपोर्ट मे Small and Marginal farmers के डाटा मे खामी को प्रकाशित करते हुए श्री दयाल ने SLBC को इसका संज्ञान लेने को कहा।

SLBC के पेज संख्या 08 मे Chief Secretory, GOJ से किए गए **Communication** मे **financial Inclusion Committee** के गठन की बात की गयी है जिसकी विस्तृत जानकारी SLBC द्वारा RBI को उपलब्ध करानी है।

Land Record digitization के संदर्भ मे सभा को संबोधित करते हुए श्री दयाल ने कहा कि बहुत सारे cases मे Current title holder का नाम अभी भी वैबसाइट पर reflect नहीं कर रहा है जिसके कारण बैंको को बाधारहित Online charge Creation मे परेशानी हो रही है। चूंकि, झारखण्ड मे ऑनलाइन land record पर यह लिखा आ रहा है कि यह रिपोर्ट केवल information के लिए है एवं आवेदक इसे evidence के रूप मे प्रस्तुत नहीं कर सकते। इस संदर्भ मे श्री दयाल ने सदन को सूचित किया कि SUPREME COURT के द्वारा फरवरी'2018 मे एक Ruling के दौरान यह कहा गया कि एलेक्ट्रोनिक एविडेन्स के लिए किसी भी प्रकार के अन्य certificate की ज़रूरत नहीं है अत: झारखण्ड मे भी existing infrastructure को बढ़ाते हुए ऑनलाइन चार्ज creation को बढ़ावा देने की ज़रूरत है जिससे बैंकिंग सिस्टम मे Physical Certificate तथा Revenue office जाने की ज़रूरत ना पड़े।

Digitization एवं डिजिटल ट्रैंज़ैक्शन के कारण Cybercrime मे भी बढ़त दर्ज की गयी है अत: वित्तीय साक्षरता एवं सुरक्षित बैंकिंग आदतों पर ध्यान रखने की ज़रूरत है।

SHGs के लोन तथा डिपॉज़िट account खोलने मे देरी तथा pendency level को कम करने के लिए SLBC सब-Committee के दौरान RBI के समक्ष बैंको को हफ्ते मे कम से कम एक दिन एसएचजी ACCOUNT खोलने के लिए निर्धारित करने के संदर्भ मे guideline issue करने हेतु विचार प्रकट किया गया। हालांकि, RBI द्वारा सभी बैंको के नियंत्रकों को SHG के pendency को कम करने तथा नियमित रूप से लोन तथा डिपॉज़िट account खोलने के लिए mechanism Develop करने का आग्रह किया।

मार्च 2019 से SLBC के द्वारा जिलवार ACP achievement, बैंक वार CD RATIO और अन्य महत्वपूर्ण figures DCC मीटिंग के लिए मुहैया करायी जा रही है। श्री दयाल ने SLBC से बैंको के Nodal officer जो कि डाटा की रिपोर्टिंग SLBC को करते है उनका contact सभी LDMs को देने की बात कही ताकि LDM अपने ज़िले के CO-ORDINATOR के साथ समन्वय स्थापित कर सके।

State Level Bankers' Committee BOI Jharkhand

श्री दयाल ने RBI के 04 फरवरी ,2019 के circular के आलोक मे नाबार्ड तथा SLBC से Animal Husbandry एवं Fishery एक्टिविटी को Scale of Finance के निर्धारण मे शामिल करने हेतु सभी स्टेक होल्डर्स की मीटिंग जल्द से जल्द करने का आग्रह किया।

बैंकिंग आउटलेट से गाँवों को आच्छादित करने के संबंध मे RBI के 30 जुलाई,2019 के CIRCULAR मे यह कहा गया कि India Post Payment Bank एवं अन्य पेमेंट banks के access points को बैंकिंग outlets माना जा सकता है अगर यह आउटलेट 04 घंटे प्रति दिन तथा 05 दिन प्रति सप्ताह खुले रहते है।

भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा अप्रैल 2018 मे जारी LEAD BANK SYSTEM, Guidelines के आलोक मे SLBC को Standardized System develop करने की आवश्यकता है जिसमे बैंक वार Block, District, एवं State का डाटा अपलोड एवं download बैंक के CBS SYSTEM से करने की सुविधा उपलब्ध हो। आरबीआई की वर्किंग ग्रुप के द्वारा SLBC की वैबसाइट पर Data Collection, Storage, Presentation एवं Management संबन्धित रिपोर्ट एसएलबीसी तथा सभी बैंको को प्रेषित की गयी है। SLBC को अन्य सदस्य बैंको के साथ मिल कर 06 महीने के अंदर नई डाटा flow एवं मैनेजमेंट सिस्टम को सुनिश्चित करना है।श्री दयाल ने BC FRAMEWORK की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए BCs के skill development की आवश्यकता बतायी। IBA के दिशा निर्देशों के अनुसार Commercial Banks एवं Payment Banks के Graded Certification की ज़रूरत के बारे मे बताया।वैसे सभी BC जिन्होने जुलाई 2019 के बाद BC OPERATION शुरु किया है,उन्हे 09 महीने के अंदर Certificate लेना है। BC रजिस्ट्री के साथ ट्रैकिंग सिस्टम जैसे BC का नाम,लोकेशन,ऑपरेशन एरिया इत्यादि के बारे मे IBA के दिशा निर्देशों के अनुसार अनुपालन करना है।

अंत मे श्री दयाल के द्वारा LDM द्वारा राज्य मे किए गए कार्यो की सराहना की। हालांकि, कुछ ज़िलो मे किए गए कार्य के बारे मे निरासा भी ज़ाहिर की तथा कुछ बिन्दुवों का ज़िक्र किया:

- कुछ एलडीएम के द्वारा DCC मीटिंग बिना RBI की जानकारी कैसे किया जा सकता है। LDM को अपने Role एवं Responsibility की जानकारी होनी चाहिए।
- सभी AGENDA ITEM को DCC की मीटिंग मे सम्मिलित करना।
- कुछ डिस्ट्रिक्ट मे DCC की मीटिंग मे लगातार देरी होना।

श्री दयाल ने बैंक ऑफ इंडिया,इलाहाबाद बैंक,स्टेट बैंक ऑफ इंडिया को हर तिमाही मे सभी LDMs के लिए एक दिन का CAPACITY BUILDING प्रोग्राम सुनिश्चित करने का आग्रह किया।इस प्रोग्राम के लिए आरबीआई के द्वारा ज़रूरत होने पर FACULTY सपोर्ट दिया जा सकता है।

इसके पश्चात् झारखण्ड सरकार के प्रधान सचिव, ग्रामीण विकास, श्री अविनाश कुमार को सभा को संबोधन करने के लिए आमंत्रित किया गया | अपने संबोधन में उन्होंने DLCC /BLBC मीटिंग को समय पर करने का निर्देश दिया। श्री कुमार ने DLCC /BLBC मीटिंग की प्रासंगिकता पर भी प्रकाश डाला। प्रधानमंत्री के द्वारा देश की अर्थव्यवस्था को 05 trillion पर ले जाने के प्रयास पर बल देते हुए विभिन्न बिन्दुओ को भी रेखांकित किया। श्री कुमार ने सभी बैंको को तीव्र गति से अर्थव्यवस्था मे परिवर्तन लाने हेतु विभिन्न पहलुओ का ज़िक्र किया गया। KYC का ज़िक्र करते हुए श्री कुमार ने सरकारी बैंको को इसकी प्रक्रिया को और सुगम करने का आग्रह किया। BC के Villages मे functioning का ज़िक्र करते हुए BC के चुनाव / चयन को और अधिक महत्व देने की आवश्यकता के बारे मे बताया। श्री कुमार ने सभी LDMS को ज़िले के महत्वपूर्ण parameters जैसे SHGs की संख्या , गतिविधि,प्रोफ़ाइल इत्यादि की जानकारी रखने को कहा। ई-बैंकिंग के दौर मे श्री कुमार ने बैंको को connectivity को सुद्दढ़ करने को कहा साथ ही साथ Joint Secretory, DFS, श्री मदनेश मिश्रा से उन्होने आग्रह किया कि इस समस्या को गृह मंत्रालय की जानकारी मे लानी चाहिए ताकि समस्या का समाधान किया जा सके।

State Level Bankers' Committee Jharkhand BOI

तत्पश्चात Joint Secretory, DFS, श्री मदनेश मिश्रा को मंच पर सम्बोधन के लिए आमंत्रित किया गया। श्री मिश्रा ने सभी LDMs को विभिन्न विषयों की जानकारी रखने के बारे मे निर्देश दिया। SLBC की अगली बैठक से कार्यक्रम प्रारम्भ होने से पूर्व जिस Lead Bank की performance अच्छी नहीं है उनके LDM से कारण जानने की ज़रूरत बतायी। श्री मिश्रा ने 17-18 अगस्त को PSBs द्वारा आयोजित **Multileval Consultation and Ideation** प्रोग्राम की चर्चा करते हुए इसकी महत्ता पर प्रकाश डाला। आगामी 23 एवं 24 अगस्त को SLBC/STATE लेवेल Inter Bank Discussion होनी है जिससे आए हुए Idea एवं Suggestions को नेशनल लेवेल पर Present किया जाएगा। इस प्रोग्राम का उद्देश्य ब्रांच लेवेल पर National Priorities का साथ समन्वय स्थापित करना है। श्री मिश्रा ने बैंको को अपनी कस्टमर सर्विस अप्रोच को सही तरीके से करने की ज़रूरत बतायी। साथ ही साथ बैंक ब्रांच मे **Customer Helpdesk / Sr. Citizen Helpdesk** इत्यादि को और अधिक सुदृढ़ करने की आवश्यकता भी बतायी। श्री मिश्रा द्वारा बैंको को बंद पड़े हुए ATMs को तुरंत चालू करने की आवश्यकता बतायी। श्री मिश्रा ने psbloansin59minutes तथा अन्य online platform पर आए एप्लिकेशन के Pending स्टेटस पर चिंता प्रकट की। इस वित्तीय वर्ष मे बैंको के द्वारा केवल 118 application, July 2019 से Sanction किया गया है जो की लक्ष्य के विपरीत केवल 22% ही है। आनेवाले समय मे अन्य सुविधाए जैसे Vehicle लोन,personal लोन तथा अन्य को ऑनलाइन platform पर integrate किया जाएगा।अंत मे श्री मिश्रा ने पब्लिक सैक्टर बैंको की तारीफ करते हुए Infrastructue को और बेहतर करते हुए National Priority के साथ Allign करने की बात कही साथ ही साथ Standupindia, Mudra इत्यादि की झारखंड मे अपार संभावना है तथा इसे और बढ़ावा देने की ज़रूरत है।

इस संबोधन के पश्चात श्री के. के. खंडेलवाल, अतिरिक्त प्रधान सचिव, झारखण्ड सरकार को संबोधन के लिए आमंत्रित किया गया | श्री खंडेलवाल ने अपने सम्बोधन मे राज्य के CD ratio मे गिरावट पर चिंता व्यक्त की। 08 ज़िलों का CD ratio पहली तिमाही मे 30% से कम था तथा 07 ज़िलों मे यह 40% से कम था जो कि काफी चिंतनीय है। इस विषय मे सभी बैंक/LDM को प्रयास करने कि ज़रूरत है। liquidity को बढ़ाने के लिए RBI द्वारा काफी प्रयास किया जा रहा है साथ ही साथ सभी बैंको को शाखा स्तर पर भी liquidity को बढ़ाने का प्रयास करना चाहिए। श्री खंडेलवाल ने बैंक के प्रमुखो से हर EMPLOYEE /OFFICER के उसके कार्य निष्पादन के आधार पर RANKING करने की बात कही जिससे EMPLOYEES को और बेहतर तरीके से कार्य / प्रदर्शन को करने की प्रेरणा मिले।केसीसी लोन sanction की चर्चा करते हुए श्री खंडेलवाल ने बताया कि 39.00 लाख किसानो के विरुद्ध मे केवल 18.00 लाख किसानो को KCC लोन दिया गया है जिसके बारे मे BLBC मे चर्चा होनी चाहिए। BLBC की महत्ता बताते हुए उन्होने बताया कि यह बैठक ब्लॉक लेवेल पर हर महीने होनी चाइए जिसमे विभिन्न बिन्दुओ पर हुई चर्चा को apex लेवेल पर analyse करने कि ज़रूरत है। श्री Khandelwal ने इस संबंध मे राज्य सरकार के कृषि विभाग से ब्लॉकवार Famers की सूची बैंको को उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया।Education लोन के rejection के संबंध मे श्री खंडेलवाल ने बताया कि बैंको द्वारा कुल 12466 एप्लिकेशन के विरुद्ध 2741 applications रिजैक्ट हुए है जो कि काफी चिंतनीय है तथा इसे analyse करने की आवश्यकता है। अगली बात का ज़िक्र करते हुए श्री खंडेलवाल ने सभी बैंको को 15-11-2000 से पहले तथा बाद के Pensioners का detail PPO wise format मे राज्य सरकार को इस माह के अंत तक देना है साथ ही साथ सभी बैंको को Govt. ACCOUNT की विवरणी Certificate के साथ राज्य सरकार को 30.08.2019 तक उपलब्ध करनी है।

State Level Bankers' Committee * Jharkhand *

## व्यवसाय सत्र :

15 मई 2019 को 67वी. SLBC की बैठक मे प्रस्तुत सभी Agenda Items की इस सभा मे सभी स्टेक होल्डेर्स के द्वारा संपुष्टि की गयी।

## डेडिकेटेड सर्टिफिकेट अधिकारी

**23.05.2019**,को मुख्य सचिव की अध्यक्षता मे हुए बैठक मे संविदा पर नीलाम पत्र पदाधिकारियों की नियुक्ति संबंधी निर्देश दिये गए है। उक्त निर्देश के आलोक मे सभी ज़िलों मे लंबित नीलाम पत्रो की संख्या के अनुसार नीलाम पत्र पदाधिकारियों एवं अन्य कर्मियों (संदेशवाहक,पेशकार-सह-कम्प्युटर ऑपरेटर) की संविदा पर नियुक्ति एवं उनपर होने वाले अनुमानित व्यय का आंकलन कर, संबन्धित प्रस्ताव पर माननीय विभागीय मंत्री का अनुमोदन प्राप्त है। **(एक्शन-राज्य सरकार)**

## बैंको को भवन निर्माण हेतु जमीन का आवंटन

SLBC के नाम से पहले आबंटित की गयी भूमि को अब राज्य सरकार की तरफ से बैंक ऑफ इंडिया के नाम पर आबंटित कर दी गयी है, हालांकि किसी भी बैंक(PNB,SBI,Union Bank,BOI) के द्वारा आबंटित किए गए भूमि का प्रतिवेदन या शुल्क जमा संबन्धित प्रतिवेदन SLBC या विभाग को अप्राप्त है। **(एक्शन-PNB,SBI,Union Bank,BOI)**

## गैर निष्पादनीय आस्तियां

SARFAESI के अंतर्गत Physical Possession से संबन्धित काफी मामले DC के समक्ष पेंडिंग है, इस संबंध मे संबन्धित विभाग के द्वारा सभी डीसी को पत्र के द्वारा सूचित करना है ताकि इस मामले मे गति प्रदान की जाए। **(एक्शन-राज्य सरकार)**

## Land Record Updation

विभाग से प्राप्त सूचना के आधार पर सभी 264 प्रखंडों मे land का record विभाग के पोर्टल पर अपडेट कर लिया गया है परंतु बैंको द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर अभी भी पोर्टल पर पुराने Holders का ब्योरा आ रहा है। RBI के महप्रबंधक के द्वारा इस विषय पर आज की बैठक मे चर्चा की जा चुकी है। अत: राज्य सरकार से अनुरोध है की Current Holders का नाम जल्द से जल्द पोर्टल मे अपडेट किया जाए ताकि बैंको के ऋण प्रवाह मे तीव्रता लायी जा सके। कई राज्यो मे ऑनलाइन LPC तथा ऑनलाइन Charge creation की सुविधा उपलब्ध है, राज्य सरकार से अनुरोध किया गया कि बाकी राज्यो की भांति यह सुविधा झारखंड मे भी उपलब्ध करायी जाए।**(एक्शन-राज्य सरकार)**

## वित्तीय शिक्षा को स्कूलो के पाठ्यक्रम मे सम्मिलित करना

इस विषय में राज्य सरकार के संबन्धित विभाग की RBI के अधिकारियों संग बैठक हुई है। अगले सत्र से इसे स्कूलो के पाठ्यक्रम मे सम्मिलित कर लिया जाएगा। संभवतः अन्य विषयों पर सहमति बन गयी है **(एक्शन-राज्य सरकार)**

State Level Bankers' Committee Jharkhand BOI

## KCC से वंचित किसानों की सूची बैंको को उपलब्ध कराना

श्री के.के. खंडेलवाल तथा DFS के संयुक्त सचिव श्री मदनेश मिश्रा के द्वारा बैठक मे राज्य सरकार के संबन्धित विभाग को निर्देश दिया गया कि प्रखण्ड स्तर पर वंचित किसानो की सूची बैंक / SLBC को उपलब्ध करायी जाए ताकि KCC तथा रुपे कार्ड के संवितरण मे राज्य मे गति प्रदान की जाए।
**(एक्शन-राज्य सरकार)**

## एफ़एलसीसी की नियुक्ति

पिछले ATR के आधार पर JRGB के द्वारा 07 स्थानों पर एफ़एलसी counselor की नियुक्ति की जानी बाकी थी, अद्यतन जानकारी के अनुसार JRGB के द्वारा सभी स्थानों पर counselor की नियुक्ति कर ली गयी है हालांकि JRGB को यह आग्रह किया जाता है कि सभी नवनियुक्त Counselor की विस्तृत जानकारी SLBC तथा आरबीआई को उपलब्ध करायी जाए। सभी Rural Branches को RBI के दिशा निर्देशों के अनुसार प्रत्येक माह मे एक बार Financial Literacy Camp लगाना है। **(एक्शन-JRGB/राज्य के सभी बैंक)**

## Prompt Payee किसानों को 3% Interest Subvention

राज्य सरकार के द्वारा 3% Interest Subvention इस वित्तीय वर्ष मे भी दिया जा रहा है जो कि केंद्र सरकार द्वारा दिये गए subvention की राशि के अतिरिक्त है। सभी बैंको को यह claim Co-operative बैंक से करना है हालाँकि अद्यतन जानकारी के अनुसार केवल 4117 किसानों का वर्ष 2017-18 के लिए Co-operative बैंक को claim किया है। सभी बैंको से अनुरोध है कि राज्य सरकार द्वारा दिये जा रहे 3% Interest Subvention के Benefit को ज्यादा से ज्यादा किसानों के बीच प्रसारित कर लाभान्वित किया जाए।**(एक्शन-सभी बैंक)**

## राज्य में घोषित सुखाड़ के तहत affected किसानों को Relief Measures प्रदान करना

झारखंड में सुखाड़ घोषणा के उपरांत सभी बैंक को अधिसूचना की प्रति 30-11-2018 को आरबीआई के संबन्धित circular के साथ एसएलबीसी द्वारा भेजी जा चुकी है। RBI के डेडिकेटेड पोर्टल पर हर महीने की 10 तारीख तक किसानों को जो Relief Measures MASTER DIRECTION के अनुसार दिए गए है उसके आंकड़े अपलोड करने है| सभी बैंक से आग्रह किया गया कि इस निर्देश का पालन करें।
**(एक्शन-सभी बैंक)**

## ROADMAP for villages having population between 2000 and 5000-

राज्य में 2000 से 5000 तक की जनसंख्या वाले गाँव को बैंकिंग कवरेज सुनिश्चित करने के लिए एक Roadmap की आवश्यकता है। इस श्रेणी मे अभी 35 गाँव ऐसे है जिनके कवरेज की आवश्यकता है ऐसे गाव बोकारो ज़िले मे 04,गिरिडीह मे 01, लातेहार मे 05, सिमडेगा मे 04 तथा चतरा मे 21 है। संबन्धित

LDM/ बैंको से आग्रह किया गया कि सभी चिन्हित गाँव मे बैंकिंग की सुविधा/ कवरेज 30.08.2019 से पहले सुनिश्चित करना है।**(एक्शन-सभी बैंक/LDMS)**

## अल्पसंख्यक वर्ग को प्रदत्त ऋण

श्री अतुल भूषण ,वरीय प्रबंधक ने बताया कि झारखण्ड राज्य में बैंकों द्वारा अल्पसंख्यक वर्ग को दिए गए ऋण ,कुल ऋण का11.50% है जो कि निर्धारित मानक 15% से कम है। सभी बैंको को इस विषय पर ध्यान देनेकी आवश्यकता है। **(एक्शन-सभी बैंक)**

## एसएचजी महिलाओं के वित्त पोषण हेतु योजना

SHG की SLBC SUB-COMMITTEE के बैठक में इस वित्तीय वर्ष के अन्दर SHG CREDIT LINKAGE का लक्ष्य निर्धारित किया गया है | इस वित्तीय वर्ष में कुल 75000 एसएचजी ग्रुप को 1000 करोड़ ऋण वितरित करने का लक्ष्य दिया गया है। इस लक्ष्य में FRESH SANCTION एवं ENHANCEMENT दोनों को शामिल किया गया है।इस तिमाही से आजीविका पोर्टल का डाटा लिया जा रहा है जिसके अनुसार केवल 11,996 SHGs को क्रेडिट लिंकेज किया गया है जो कि लक्ष्य से काफी कम है। सभी बैंक से आग्रह किया गया कि आजीविका पोर्टल से डाटा लेकर एसएलबीसी पोर्टल पर डाले। जेएसएलपीएस से भी आग्रह किया गया कि वो आजीविका पोर्टल के आंकड़े के अनुसार ही review करे। साथ ही सभी बैंको से लंबित आवेदनों को शीघ्र निष्पादित करने को कहा गया। **(एक्शन-सभी बैंक)**

## Sub Service Area

Sub Service Area का updated डीटेल SLBC के वैबसाइट पर उपलब्ध करा दिया गया है। सभी बैंक / स्टेक होल्डेर्स से अनुरोध है कि Sub Service Area की अद्यतन जानकारी SLBC के वैबसाइट से ली जा सकती है।**(एक्शन-सभी बैंक/LDMS)**

## वित्तीय समावेशन समिति का गठन

श्री मदनेश मिश्रा के द्वारा पिछली तिमाही बैठक के आलोक मे वित्तीय समावेशन समिति का गठन कर लिया गया है। SLBC के द्वारा ज़रूरी डाटा समिति को दिया जा चुका है। OSD श्री B.K. Sinha द्वारा SLBC को जानकारी दी गयी कि समिति की बैठक 30.08.2019 से पहले कर ली जाएगी।**(एक्शन-राज्य सरकार)**

## Area Based Development Scheme

AREA BASED DEVELOPMENT SCHEME के संदर्भ मे सभी LDM को सुझाव दिया जाता है कि इस बारे मे और अधिक कार्य करने की ज़रूरत है। AREA BASED DEVELOPMENT SCHEME की जानकारी SLBC की वैबसाइट पर जानकारी उपलब्ध करा दी गयी है। कुछ LDM के द्वारा AREA BASED

DEVELOPMENT SCHEME की अपूर्ण जानकारी दी जा रही है। 04 ज़िलों के LDM (राँची,लातेहार,सहेबगंज तथा गिरिडीह) के द्वारा जानकारी अभी भी अप्राप्त है। **(एक्शन-संबन्धित LDM)**

## RSETI/FLCC

श्री अविनाश कुमार, प्रधान सचिव, ग्रामीण विकास विभाग द्वारा पिछली बैठक मे कहा था कि राज्य में बैंक ऑफ इंडिया द्वारा प्रायोजित RSETI के भवन निर्माण का कार्य संतोषजनक है परंतु SBI द्वारा RSETI के भवन निर्माण का असंतोषजनक है और इसमे प्रगति कि आवश्यकता है। SBI के द्वारा इस संबंध मे संबन्धित CONTRACTOR के द्वारा कार्य मे प्रगति लाने हेतु उचित कार्यवाही की जानी चाहिए। रामगढ RSETI के भवन निर्माण के संदर्भ में BOI (एनबीजी) के द्वारा Head office को सूचित किया है, Board level पर RSETI के अधिग्रहण की कार्यवाही की जा रही है हालाँकि BOI Headoffice के द्वारा Phone पर SLBC से यह जानकारी पूछी गयी की अगर Allotted Land की feasibility की समस्या PNB को है तो यह समस्या BOI के साथ भी हो सकती है। इस दिशा मे आगे की कार्यवाही होने पर उचित जानकारी ग्रामीण विकास विभाग तथा JSLPS को प्रदान की जाएगी। PNB के द्वारा चलाये जा रहे RAMGARH RSETI BUILDING की हालत अत्यंत दयनीय है, इस दिशा मे PNB के द्वारा उचित कार्यवाही करने की त्वरित आवश्यकता है।Rseti Credit linkage की समस्या को उठाते हुए श्री अतुल भूषण ने बैंको मे लंबित आवेदन के जल्द निपटारा करने का आग्रह किया।**(एक्शन-संबन्धित बैंक)**

## विद्या लक्ष्मी पोर्टल

संयुक्त सचिव, DFS , श्री मदनेश मिश्रा के द्वारा राज्य मे हजारों शिक्षा ऋण के आवेदन विद्या लक्ष्मी पोर्टल पर निष्पादन का मामला उठाया गया । श्री Atul Bhushan ने सभी नियंत्रक प्रमुखों का इस ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि लंबित आवेदनों का शीघ्र निष्पादन किया जाए एवं बिना वैद्य कारणों के आवेदनों को अस्वीकृत नहीं करे। **(एक्शन-समस्त बैंक)**

## PMEGP/PMAY/NULM

SLBC द्वारा सभी बैंको से इन schemes के तहत लंबित आवेदनों के अतिशीघ्र निष्पादन करने का आग्रह किया गया | **(Action: सभी बैंक)**

## विविध कार्यसूची

1. DFS द्वारा identified 440 centres पर BC की नियुक्ति किये जाने के सम्बन्ध में हुई चर्चा के दौरान VGB के द्वारा वैसे 11 centres जिनपर या तो connectivity issue अथवा किसी अन्य बैंक का SSA होने के कारण BC नियुक्त नहीं किया गया है , पर BC नियुक्त किये जाने की बात कही गयी | अभी 07 centres पर BC की नियुक्ति कर ली गयी है 04 बचे हुए सेंटर मे प्रक्रियाधीन है। JRGB से आग्रह है कि बचे हुए 04 लोकेशन मे जल्द से नियुक्ति कर SLBC को जानकारी दी जाए।**(एक्शन-JRGB)**

2. RBI के द्वारा Agriculture Collateral संबन्धित Guidelines के आलोक मे सभी बैंको के नियंत्रकों से कहा गया कि नए दिशा निर्देशों के अनुसार 1.60 लाख तक के ऋण मे collateral security नहीं ली जानी है इस संबंध मे RBI / SLBC की guidelines सभी बैंको को दिया जा चुका है। संबन्धित निर्देश बैंक की सभी शाखाओ मे भी दी जानी चाहिए।**(एक्शन-सभी बैंक)**

3. PSBLOANSIN59MINUTES के संदर्भ मे इसकी PROGRESS अत्यंत दयनीय है इस संबंध मे सभी बैंको को ध्यान देने की आवश्यकता है।**(एक्शन-सभी बैंक)**

4. DCC की मीटिंग तय समय पर करने के लिए सभी LDMS को प्रयास करना चाहिए। इससे संबन्धित किसी भी परेशानी के लिए SLBC को ससमय सूचना देनी चाहिए।**(एक्शन-सभी LDMs)**

5. CD ratio से संबन्धित पिछले तिमाही का Monitorable action plan किसी भी LDM के द्वारा SLBC को प्रेषित नहीं किया गया है इस संबंध मे वैसे सभी ज़िले जिनका सीडी रैशियो 40% से कम है , उनके LDM को ज़िले का Monitorable action plan SLBC इस माह के अंत तक प्रेषित करना है। **(एक्शन-सभी LDMs)**

6. Scale of Finance के संबंध मे Animal Husbandry एवं Fisheries activity के working capital की requirement को SCALE OF FINANCE मे सम्मिलित करना है इस संबंध मे 16 ज़िलों मे SCALE OF FINANCE के निर्धारण मे इन parameters को सम्मिलित नहीं किया है। इस संबंध मे कृषि विभाग से अनुरोध किया गया कि संबन्धित ज़िलों के DAO को इसके निर्धारण के संबंध मे अविलंब पत्र लिखने की आवश्यकता है। संबंधित LDMS को भी निर्देश दिया जाता है कि SCALE OF FINANCE के निर्धारण मे DLTC के साथ समन्वय बैठाते हुए उचित कार्यवाही करे। **(एक्शन-सभी LDMs/राज्य सरकार/NABARD)**

7. Negotiable warehouse receipt की जानकारी के संबंध मे केवल बैंक ऑफ बरोदा के द्वारा 02 केस sanction होने की जानकारी SLBC को दी गयी है।अन्य बैंको के द्वारा NIL reporting की गयी है।**(एक्शन-सभी बैंक)**

8. **आधार एवं मोबाइल सीडिंग** - श्री सतेन्द्र सिंह, सचिव व्य ने कहा कि जिन खातों में आधार एवं मोबाइल सीडिंग नहीं हुई है, उन खातों को शाखा वार चिन्हित कर drive चला कर आधार एवं मोबाइल सीडिंग कर लिया जाना चाहिए। सभी बैंक के नियंत्रक प्रमुख से इसका review करने को कहा गया।**(एक्शन-सभी बैंक/LDMs)**

State Level Bankers' Committee BOI Jharkhand

9. **पेंशन से संबन्धित आंकड़े** - श्री सतेन्द्र सिंह ,सचिव व्य्य ने कहा कि पेंशन से संबन्धित आंकड़े राज्य सरकार द्वारा मांगा गया था,परंतु कई बैंक ने यह डाटा राज्य सरकार को नहीं भेजा है। सभी बैंक जिनके समक्ष ये आंकड़े लंबित उन्हें तत्काल सरकार को यह डाटा उपलब्ध कराना है।**(एक्शन-सभी संबन्धित बैंक)**

10. **बैंकों को प्रदर्शन के लिए प्रशस्ति पत्र**- राज्य में बैंकों के Overall प्रदर्शन के आधार पर दो सर्वश्रेष्ठ बैंको को अवार्ड दिया गया। प्रथम स्थान पर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया एवं द्वितीय स्थान पर बैंक ऑफ इंडिया को सम्मानित किया गया तथा INCREMENAL PERFORMANCE के आधार पर सेंट्रल बैंक को प्रथम एवं एचडीएफ़सी बैंक को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। आने वाली हर बैठक में यह प्रोत्साहन का कार्यक्रम जारी रहेगा।

11. इस तिमाही से Small finance बैंक तथा पेमेंट बैंक के ब्रांच नेटवर्क तथा ATM का डाटा include किया गया है हालांकि ATM के नेटवर्क मे पिछली तिमाही की तुलना मे ATM के नेटवर्क मे राज्य मे कमी पायी गयी।

12. हाउसिंग एवं Security Sub -Committee की बैठक SBI के द्वारा की जानी है। SBI के द्वारा इन दोनों उपसमितियों के बैठक के बारे मे SLBC को सूचित नहीं किया गया है। **(एक्शन-SBI)**

13. APY CITIZENS CHOICE 2019 CAMPAIGN के संदर्भ मे राज्य की प्रगति काफी निराशाजनक है जिसका प्रमुख कारण JRGB का PFRDA के पोर्टल mapping नहीं होना है।JRGB के द्वारा PFRDA को इस विषय के बारे मे सूचित किया जा चुका है,PFRDA द्वारा Mapping अभी लंबित है। सभी बैंको से आग्रह किया गया कि इस कैम्पेन मे बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले तथा राज्य को आबंटित लक्ष्य को पूरा करने का प्रयास करे।**(एक्शन-सभी बैंक)**

14. Uniform Banking Hours-EASE 2.0 योजना के अंतर्गत राज्य के सभी PSBs शाखाओ की कार्यावधि को 09:00am से 03.00pm,10.00am से 04.00pm और 11:00am से 05.00pm मे वर्गीकरण का कार्य LDM द्वारा 01 सितंबर 2019 से पहले DLCC की बैठक मे पारित कराकर SLBC को प्रेषित करना है।**(एक्शन-सभी LDMs)**

15. जन धन दर्शक पोर्टल-इस संबंध मे DFS द्वारा 794 Villages को Uncovered बतलाया गया था। LDM के द्वारा 664 Villages को covered का status दिखलाया गया था तथा डाटा SLBC को प्रेषित किया गया। FI PLAN portal पर SLBC के द्वारा कुल 794 village का डाटा अपलोड कर दिया गया है हालांकि किसी भी बैंक के द्वारा जन धन दर्शक पोर्टल पर data updation का कार्य कंप्लीट नहीं किया गया है । सभी बैंको से आग्रह किया जाता है कि डाटा updation का कार्य 30.08.2019 से पहले कर ले। साथ ही साथ 130 identified locations पर BC की नियुक्ति का कार्य 13 बैंको को 30.08.2019 से पहले सुनिश्चित करना है। Village allocation का डीटेल सभी बैंको को SLBC के द्वारा provide किया जा चुका है।**(एक्शन-सभी बैंक)**

16. **पौंजी योजनाये/असंगठित निकायों,फ़र्म / कम्पनियों की अवैध गतिविधिया**- इस संबंध मे श्री मदनेश मिश्रा ने बताया कि केंद्र सरकार के द्वारा सभी राज्यो के मुख्य सचिवों को इस आशय मे बताया कि इस तरह कि गतिविधियो की सही तरीके से मोनिट्रिंग की आवश्यकता है तथा इस तरीके के कारोबार मे संलिप्त पाये जाने वाले व्यक्तियों/ फ़र्म / कंपनियों पर कड़ी कार्यवाही का प्रावधान है।ऐसी घटनाओ की जानकारी मिलने पर उसका Modus operandi SLBC को प्रेषित

State Level Bankers' Committee Jharkhand BOI

करना चाहिए जिससे कि संबन्धित घटना को SLBC बुक मे प्रकाशित किया जा सके।**(एक्शन-सभी बैंक)**

17. Digital ज़िला चिन्हित करना- RBI के द्वारा इस विषय के आशय मे SLBC को Communication दिया गया था जिसके आधार पर पहले धनबाद को Digital डिस्ट्रिक्ट के लिए चयनित किया गया था,हालाँकि यह ज़िला Aspirational district की श्रेणी मे नहीं आता है अतः इस संबंध मे पुनः सभी बैंको के साथ बैठक कर डिजिटल डिस्ट्रिक्ट का चयन किया जाएगा। चयनित ज़िले को सभी बैंको की मदद से एक वर्ष के समय सीमा मे100% Digital District घोषित करना है।**(एक्शन-सभी बैंक/संबन्धितLDM)**

18. Opening ऑफ बैंकिंग outlets के लिए उपसमिति का गठन- Uncovered areas मे बैंकिंग outlets खोलने के लिए एक समिति का गठन किया गया है जिसके सदस्य वित विभाग राज्य सरकार के प्रतिनिधि, RBI,SBI,BOI,Allahabad बैंक एवं झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक है। इस समिति का संयोजक SLBC है।इस समिति की बैठक ज़रूरत पड़ने पर की जाएगी।**(एक्शन-संबन्धित बैंक/राज्य सरकार/RBI)**

19. Less cash / डिजिटल बैंकिंग- हमारे राज्य मे less cash तथा डिजिटल बैंकिंग के क्षेत्र मे और अधिक कार्य करने की आवश्यकता है।POS मशीन के क्षेत्र मे और भी ज्यादा बढ़ावा देने की ज़रूरत है। Rupay card एक्टिवेशन के क्षेत्र मे काफी धीमा कार्य हुआ है इस विषय पर भी सभी बैंको को ध्यान देने की आवश्यकता है। Rupay Card डिस्ट्रिब्यूशन के समय ही एक्टिवेशन को सुनिश्चित करने से digital transaction को बढ़ावा दिया जा सकता है।**(एक्शन-सभी बैंक)**

20. National Bamboo Mission- भारत सरकार द्वारा 2018-19 के दौरान पुनः संरचित राष्ट्रीय बाँस मिशन की शुरुवात की गयी। नाबार्ड के द्वारा इस विषय मे एक कार्यशाला आयोजित की गयी थी। सभी बैंको को इस Mission को झारखंड राज्य मे सफलीभूत करने के लिए ऋण प्रवाह करने की आवश्यकता है।
**(एक्शन-सभी बैंक/NABARD)**

21. Doubling ऑफ Farmers Income by 2022- इस विषय के संबंध मे सभी बैंको को एकीकृत रूप से कार्य करने की आवश्यकता है। हालाँकि, कृषि के क्षेत्र मे ACP टारगेट के अगेन्स्ट मे पहली तिमाही का अचीवमेंट काफी निरासाजनक है। **(एक्शन-सभी बैंक/LDM/NABARAD)**

**AGENDA आइटम समाप्त होने के पश्चात अच्छे परफॉर्मेंस (Overall एवं Incremental) के लिए विभिन्न बैंको को सम्मानित किया गया। इसके उपरांत 68 वी° SLBC झारखंड के समाप्ती की घोषणा की गयी।**

**(संजीब सरकार)**
**उप महाप्रबंधक, रा.स्त.बै.स.**

## *LIST OF PARTICIPANTS IN 68th STATE LEVEL BAN KERS' COMMITTEE, JHARKHAND (MEETING HELD ON 20.08.2019)*

| S.N | NAME OF PARTICIPANTS | DESINGNATION | BANK/DEPARTMENT | CONTACT NO. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Sri K K Khandelwal | Additional Chief Secretary | Dept of Finance | |
| 2 | Sri Madnesh Mishra | Joint Secretary | Ministry of Finance, GOI | |
| 3 | Sri Satendra Singh | Secreatry | Department of Planning cum Finance | |
| 4 | Sri Avinash Kumar | Principal Secretary | Dept of Rural Development | |
| 5 | Sri Snajiv Dayal | General Manager | Reserve Bank of India | |
| 6 | Sri Ashis Kr Padhi | Chief General Manager | NABARD | |
| 7 | Sri Amulya Kumar Sahu | General Manager | State Bank of India | |
| 8 | Sri C S Sahay | General Manager | SLBC Jharkhand | |
| 9 | Sri Rajiw Kumar | Chief Executive Officer | JSLPS | |
| 10 | Sri Pravin Kumar Sharma | Field General Manager | Union Bank of India | |
| 11 | Sri Binay Kumar Sarangi | Field General Manager | Allahabad Bank | |
| 12 | Sri Tejeswar Patnaik | Zonal Mnaager | Bank of India, Ranchi | |
| 13 | Sri Sanjib Sarkar | Dy. General Manager | SLBC Jharkhand | |
| 14 | Sri R R Tiwari | Asst. General Manager | Reserve Bank of India | |
| 15 | Smt Suchitra Sinha | Registrar | Cooperative Bank | |
| 16 | Smt Manju Vibhavari | Dy. Registrar | Cooperative Bank | 9431169093 |
| 17 | Sri Rajesh Kumar | Asst General Manager | State Bank of India | 9431020059 |
| 18 | Sri Snajay Kumar Sinha | Asst General Manager | State Bank of India | 9065516672 |
| 19 | Sri Vijay Kumar Choudhary | CEO | Jharkhand State Cooperative Bank | 7894009472 |
| 20 | Sri Mukesh Kumar | Manager | Jharkhand State Cooperative Bank | 7766917111 |
| 21 | Sri Anil Kumar | State Nodal Officer | JSLPS | 9431901016 |
| 22 | Sri Dhiraj Horo | State Program Manager | JSLPS | 8969170434 |
| 23 | Sri Subodh Kumar | Dy. General Manager | Canara Bank | 7763819904 |
| 24 | Sri Ajay Kumar Sinha | Regional Manager | Central Bank of India | 9570900446 |
| 25 | Sri Moti Lal | Chief regional Manager | Indian Overseas Bank | 9586100960 |
| 26 | Sri P R Sinha | Zonal Manager | Indian Bank | 6302609433 |
| 27 | Sri Vipan Singh | Dy General Manager | Union Bank of India | 7506517345 |
| 28 | Sri Sudhir Sinha | Dy General Manager | United Bank of India | 9934011359 |
| 29 | Sri Pulin Kumar Patnaik | Asst General Manager | Oriental Bank of Commerce | 9933025966 |
| 30 | Sri Vikas Vinnet | Zonal Manager | Andhra Bank | 8004936913 |
| 31 | Sri Gautam Patra | Zonal Head | Uco Bank | 9819466976 |
| 32 | Sri S K Panigrahi | Dy General Manager | Punjab National Bank | 9955996001 |
| 33 | Sri Jagdish Tungaria | Dy. General Manager | Bank of Baroda | 7542032001 |
| 34 | Sri N Sateesh | Regional Manager | Syndicate Bank | 9471182387 |
| 35 | Sri J K Singh | Regional Manager | IDBI Bank | 9801052713 |
| 36 | Sri Amrendra Kumar | General Manager | BSNL | 9431140605 |
| 37 | Sri Sunil Kumar | SDE | BSNL | 9431100453 |
| 38 | Sri Sunil Kumar Sinha | Joint Secretary | Dept. Of Agriculture, Animal Husbandry & | 9431254479 |
| 39 | Dr M S A Mahalingam Shiva | Dy. Director | Dept. Of Agriculture | 9430155640 |
| 40 | Sri Naresh T. | Manager | UIDAI | 9542889595 |
| 41 | Sri Bishnu C parida | COO | JSLPS | 9939221549 |
| 42 | Sri Prem Kumar | Chief Manager | Punjab & Sindh Bank | 9431077480 |
| 43 | Sri I john Jerard | Chief Manager | Corporation Bank | 9840517308 |
| 44 | Mrs Shivani Gupta Patel | Branch Manager | Bank of Mahatastra | 8583028080 |
| 45 | Sri S N Mohanty | Lead District Manager | Seraikela | 9102956616 |
| 46 | Sri Phudan Murmu | Lead District Manager | West Singhbhum | 7250771779 |
| 47 | Sri R P N Sahai | Lead District Manager | Deoghar | 9771435410 |
| 48 | Sri K K Sinha | Lead District Manager | Pakur | 9771438410 |
| 49 | Sri S L Baitha | Lead District Manager | Jamtara | 9771432495 |
| 50 | Sri Tuntun Harijan | Lead District Manager | Sahebganj | 9771438409 |
| 51 | Sri Sanjay Kumar Sinha | Lead District Manager | Ranchi | 9905826908 |
| 52 | Sri Ravi Kant Sinha | Lead District Manager | Lohardaga | 9470116528 |
| 53 | Sri S K Sai | Lead District Manager | Gumla | 9113361788 |
| 54 | Sri Sunil Kumar | Lead District Manager | Khunti | 9931394765 |
| 55 | Sri S B Agrawal | Lead District Manager | Dhanbad | 9431723646 |
| 56 | Sri Shreekant Kumar | Lead District Manager | Simdega | 9798967181 |
| 57 | Sri P K Gupta | Director | MSME- GOI | 8002768669 |
| 58 | Sri Vinay Saha | Sr. Manager | Oriental Bank of Commerce | 9708401813 |
| 59 | Sri V K Sinha | Chief Manager | Oriental Bank of Commerce | 7909036312 |
| 60 | Md Rustam | Asst Director | KVIC | 9507676351 |
| 61 | Mrs Binita Lakra | Asst. Manager | Canara Bank | 9199441727 |
| 62 | Sri Manoj Kumar | Sr. Manager | Allahabad Bank | 7897785386 |
| 63 | Sri Victor Murmu | Sr. Manager | Union Bank of India | 9304638607 |

| S.N | NAME OF PARTICIPANTS | DESINGNATION | BANK/DEPARTMENT | CONTACT NO. |
|---|---|---|---|---|
| 64 | Sri Amit Ray | Branch Head | Laxmi Vilas Bank | 9308457750 |
| 65 | Sri Pradeep Lakra | Nodal Officer | Bank of Baroda | 8114595928 |
| 66 | Sri Shatrunjay Prasad | Lead District Manager | Ramgarh | 9833667150 |
| 67 | Sri kali Charan Das | Lead District Manager | Koderma | 6206111657 |
| 68 | Sri Dineshwar Rana | Lead District Manager | Bokaro | 9507422868 |
| 69 | Sri U S Mishra | Lead District Manager | Hazaribagh | 8969275778 |
| 70 | Sri Mirnal Kumar Das | Lead District Manager | Chatra | 9931540333 |
| 71 | Sri Pravin Kumar | Lead District Manager | Dumka | 9903491709 |
| 72 | Sri Rajesh Kumar Diwedi | Lead District Manager | Godda | 7295921636 |
| 73 | Sri Shanti Prasad Toppo | Lead District Manager | Latehar | 7781011677 |
| 74 | Sri Anukaran Tirkey | Lead District Manager | Palamu | 9934363710 |
| 75 | Sri Abhay Kumar | Cluster Head | Axis Bank | 7566142333 |
| 76 | Sri Sudhanshu Kumar | Circle Rural Manager | Axis Bank | 8877969009 |
| 77 | Sri Ram Sagar Pandey | Cluster Head | Bandhan Bank | 9102675110 |
| 78 | Sri Dharmendra Kumar | Cluster Head | HDFC Bank | 8335897070 |
| 79 | Sri Suryanshu Verma | AVP | HDFC Bank | 9304003856 |
| 80 | Md Syed Shabbir Akhter | Regional Head | ICICI Bank | 9771499046 |
| 81 | Sri Indu Bhushan Lal | Lead District Manager | Garhwa | 9934363709 |
| 82 | Sri Anil Kumar | Lead District Manager | East Singhbhum | 9431180446 |
| 83 | Mrs Jagmani Topno | Asst Registrar | Cooperative Siciety | 8969116202 |
| 84 | Sri K Ray | Branch Manager | ESAF Small Finance Bank | 9733400111 |
| 85 | Sri Kiran Mishra | Chief Manager | Kotak Mahindra Bank | 9709000208 |
| 86 | Sri Akshay Kumar Sarma | Associate Executive | Jammu & Kashmir Bank | 7006720107 |
| 87 | Sri Sanjay Srivastava | Liaison Officer | State Bank of India | 7781011728 |
| 88 | Sri Siba Prasad Nayak | Asst General Manager | SIDBI | 8980276834 |
| 89 | Sri Vicky Yadav | Deputy Manager | Indusind Bank | 9570702884 |
| 90 | Sri Kamal Kumar Kedia | Asst General Manager | IDBI Bank | 8872881117 |
| 91 | Sri Prashant Kumar | RDO | Indian Overseas Bank | 8096096246 |
| 92 | Ms Neetu Kumari | Asst Manager | Karur Vysya Bank | 6201289812 |
| 93 | Sri Amit | Sr. Manager | Federal Manager | 8877887799 |
| 94 | Sri Niraj Kumar | Asst. Branch Manager | Karnataka Bank | 6200610352 |
| 95 | Sri Shashi Bhushan | Project Manager | Royal Sundaram | 9971606178 |
| 96 | Sri Pandav Kumar | State Head | HDFC ERGO | 7987276751 |
| 97 | Sri Sanjeet Kumar | Assitant | LDMO, Dhanbad | 7667341713 |
| 98 | Sri Rocky Kumar | RDO | Indian Bank | 9262795917 |
| 99 | Ms Meghna Ruby Kachhap | Assistant Director | UDRHD, GOJ | 9835505283 |
| 100 | Sri Binod Kumar Thakur | State Mission Manager | Urban Development | 9431360277 |
| 101 | Sri Manish Mohit | Sr. Manager | Bank of India | 9835502878 |
| 102 | Sri Abhishek Verma | Cluster Head | Yes Bank | 7064800824 |

State Level Bankers' Committee * Jharkhand *